साईं दीदार तेरा हो जाए मुझ पे उपकार तेरा हो जाए

साईं दीदार तेरा हो जाए,
मुझ पे उपकार तेरा हो जाए ।

मेरी क्या सब की यह तमन्ना है,
सारा संसार तेरा हो जाए ।

देख ले तुझ को अगर चमन वाले,
फूल क्या खार तेरा हो जाए ।

इससे पहले के ले वो सबसे हिसाब,
हर गुनेहगार तेरा हो जाए ।

तेरा घर-बार मेरा हो बैठा,
मेरा घर-बार तेरा हो जाए ।

तुने बांटा हैं प्यार लाखों में,
मुझ से भी प्यार तेरा हो जाए ।

यह दुआ कर के एक बार नहीं,
साईं हर बार तेरा हो जाए ।

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/325/title/sai-deedar-tera-ho-jaaye-mujh-par-upkaar-tera-ho-jaaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |